मासिक समाचार पत्रिका
वर्ष -2, अंक -13, रायपुर , माह : जनवरी 2024

आरोहण
खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव
29 जनवरी - 04 फरवरी 2024

# एसआरयू वर्ल्ड

## आरोहण विशेषांक


















श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी, रायपुर

## श्री रविशंकर जी महाराज द्वारा एसआरयू के नव वर्ष की डायरी एवं कैलेंडर का हुआ विमोचन

मध्यप्रदेश में भिंड जिले के श्री रावतपुरा धाम में अनंतश्री विभूषित श्री रविशंकरजी महाराज द्वारा श्री रावतपुरा सरकार रायपुर के नए साल की डायरी और कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस विशेष अवसर को देखने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।



महाराज श्री ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिए और अच्छे कर्म करते हुए धार्मिक मार्ग पर चलने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इस कैलेंडर में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों का बखूबी चित्रण किया गया है। महारज श्री की परिकल्पान के अनुरूप नव वर्ष का शुभारंभ 1 लाख 8 हजार श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक रूप से पाठ कर अध्यात्मिक रूप से नव वर्ष का किया स्वागत।

देश के दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने 31 दिसंबर को शुभ अलौकिक 108 श्री रामार्चा यज्ञ का अनुभव किया। इसी तरह महाराज श्री के दर्शन के लिए सुबह से ही आस-पास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात तक चलता रहा। यज्ञ के साथ विशाल भंडारा और प्रसाद वितरण निरंतर चलता रहा, जिसमें न तो भक्तों की कमी थी और न ही प्रसाद की। वर्ष के पहले दिन लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने रावतपुरा धाम के दर्शन किए और सद्गुरु महाराज श्री का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

---

## सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ कर नववर्ष 2024 का हुआ स्वागत

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्याल शैक्षणिक विकास के साथ साथ बौधिक और अध्यात्मिक विकास प्रदान करने में हमेशा से अग्रसर रहा है। इस शिक्षा, सेवा और अध्यात्म के त्रिवेणी संगम में नववर्ष 2024 का प्रारंभ सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ कर किया गया जिसमें समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सदस्य एवं अध्यनरत सभी विद्यार्थियों ने पाठ किया।

नववर्ष 2024 के उपलक्ष्य इस कार्यक्रम की शुरुआत श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. सिंह और चीफ जनसंपर्क अधिकारी राजेश तिवारी ने श्री हनुमान जी का पूजन के साथ किया और 11 बार सभी ने एक साथ श्री हनुमान चालीसा पाठ किया।

कार्यक्रम के पश्चात सभी ने प्रसाद ग्रहण कर सभी को नववर्ष की मंगल कामनाओं के साथ नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने भी सभी छात्रों एवं समस्त शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।



## एस.आर.यू के योग विभाग के प्राध्यापक हुए आयुष मंत्रालय के प्रशिक्षण में शामिल

आयुष मंत्रालय,भारत सरकार के तत्वावधान में 6 दिवसीय Continuing Medical Education Training Program for Yoga Teachers का आयोजन किया गया था। जिसमें से पूरे देश से 30 प्रतिभागियों को सम्मिलित करने हेतु आमंत्रण मिला। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के योग विभाग के तीन सहायक प्राध्यापकों को शामिल किया गया। जिनमें डॉ. राधिका चंद्राकर, डॉ. नम्रता चौहान और आशीष धर दीवान सम्मिलित हुए।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनाँक 25 से 30 दिसंबर 2023 तक मध्यभारत के प्रसिद्ध योग संस्थान कैवल्यधाम योग संस्थान लोनावाला, महाराष्ट्र में किया गया। जहां देश के प्रबुद्ध योग विशेषज्ञों द्वारा योग के वैज्ञानिक एवं शोध परक आयामों को पारंपरिक एवं तार्किक दृष्टिकोण से प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण अपने उद्धेश्यानुसार योग के क्षेत्र में योग शिक्षकों के पेशेवर ज्ञान को प्रभावी शिक्षण पद्धतियों द्वारा उन्नत बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

उक्त प्रशिक्षण में शामिल होने पर योग विभागाध्यक्ष डॉ. केवल राम चक्रधारी ने सभी सम्मिलित प्राध्यापकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम योग के प्राध्यापकों के लिए अपने ज्ञान को बढ़ाने और शिक्षण तकनीक को विद्यार्थियों के लिए और भी वैज्ञानिक बनाने के लिए बेहतरीन अवसर है। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ,कुलपति प्रो. एस.के. सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने सभी प्राध्यापकों को शुभकामनाएँ दीं।

---

## भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा द्वितीय पेटेंट " डिजिटल बहुउद्देशीय ज्यामितीय गणना उपकरण" प्रकाशित

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में भौतिक शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. ऋषि जयसवाल एवं सहायक प्राध्यापक श्री सागर कुमार साहू का लैबोरेट्री, मैकेनिकल वर्क तथा सिविल वर्क के लिए ऑटोमेटिक डिवाइस बनाया गया है जिसके द्वारा ज्यामितीय आकृतियां आसानी से बनाई जा सकती है ।



यह एक ऑटोमेटिक डिवाइस है, इस पेटेंट का आईपीआर नंबर 202321077135A प्रकाशित किया गया है। यह पेटेंट ऑफिस ऑफ़ द कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेंट डिजाइन एंड ट्रेडमार्क डिपार्टमेंट ऑफ़ इंडस्ट्रियल पॉलिसी एंड प्रमोशन मिनिस्ट्री ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया के द्वारा प्रकाशित किया गया है।

पेटेंट का उद्देश्य, आटोमेटिक डिवाइस के जरिये सटीक ज्यामितीय आकृति बनाना है जिसकी प्रोग्रामिंग के जरिये सिविल वर्क में उपयोग में आने वाले आकृतियां के डिजाईन आशानी से बनाया जा सकता है और मैकेनिकल वर्क की भी प्रोग्रामिंग डिजाईन बना सकते है।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस के सिंह और कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा ने एचओडी डॉ. ऋषि जयसवाल एवं सहायक प्रोफेसर श्री सागर कुमार साहू को उनके द्वितीय पेटेंट प्रकाशित होने पर बधाई दी और उनके उज्जल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## एसआरयू में स्किट प्रतियोगिता "ऑल द वर्ल्ड एक मंच है" किया गया आयोजन

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग और कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने स्किट प्रतियोगिता "ऑल द वर्ल्ड एक मंच है" का आयोजन किया, जिसमें कुल छह ग्रुप ने अपने विशेष विषयों के साथ नाटक का प्रदर्शन किया जो हमारे समाज और देश के लोगों के दिमाग पर पूरी तरह से हावी है।
नाटक को प्रदर्शन के एक छात्रावास के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें संघर्ष, भावनाएं, संवाद और कार्रवाई के माध्यम से मानव अनुभवों का चित्रण शामिल है। इसलिए, विश्वविद्यालय के छात्रों ने इन छह विषयों पर ध्यान केंद्रित कर प्रदर्शन किया, जैसे कि अवर्णनीय, द सिक्योर गर्ल, नशीली दवाओं की लत, डिजिटल फ्यूजन, मेरी दुनिया और पृथ्वी रक्षक जिसके द्वारा वे हमारे समाज को एक संदेश भी भेजते हैं कि विकसित भारत सकारात्मक मानसिकता के साथ शुरू होता है।



कार्यक्रम में प्रोफेसर भारती पुजारी प्रबंधन विभाग, डॉ. संतोष कुमार, पत्रकारिता विभाग और डॉ. नरेश कुमार गौतम सामाज कार्य विभाग एक जूरी के रूप में भूमिका निभाते हुए स्किट प्रतियोगिता के विजेताओं का चयन किया जिसमें ग्रुप "द सिक्योर गर्ल" ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि ग्रुप "डिजिटल फ्यूजन" ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर दूसरा स्थान प्राप्त किया।
कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कुलपति प्रोफेसर एसके सिंह और डीन एकेडमिक डॉ. आर.आर.एल बिराली ने एक अनूठी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए विभागों के टीम वर्क के लिए बधाई दी और विजेता ग्रुप "द सिक्योर गर्ल" और "डिजिटल फ्यूजन" के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी। विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने भी दोनों विभागों की सरहना की।
अंत में डॉ. मनीष वर्मा, डीन फैकल्टी ऑफ आर्ट्स ने धन्यवाद ज्ञापन दिया, और कार्यक्रम का संयोजन अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफेसर सुश्री स्नेहा बिस्वास और विश्वविद्यालय की नर्सिंग की सहायक प्रोफेसर सुश्री कामिनी विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर कोलाज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य श्रीमती अन्नपूर्णा साहू भी उपस्थित थीं।

---

## एसआरयू और लेंसकार्ट ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन पर किए गए हस्ताक्षर



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर और लेंसकार्ट ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।
एमओयू तहत, कंपनी श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के छात्रों के लिए वर्चुअल या परिसर में कार्यशालाएं आयोजित करगी, जो उद्योग के नवीनतम विकास, प्रौद्योगिकियों, आवश्यकताओं में अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए प्रासंगिक हो सकते है। प्रशिक्षित छात्रों का प्लेसमेंट अपने मूल्यांकन के आधार पर भाग लेने वाले उम्मीदवारों को रोजगार प्रदान करना है।
श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार और लेंसकार्ट ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख उदित बग्गा ने अधिकृत गरिमा के तहत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। और समझौते को जारी रखने और निष्पादित करने के लिए जिम्मेदार व्यक्तिगत श्री दीप शरमा श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के उप रजिस्ट्रार हैं।

एमओयू के साथ, विश्वविद्यालय परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव भी हुआ जिसमें स्वास्थ्य और संबद्ध विज्ञान, विज्ञान संकाय के छात्रों ने पंजीकरण कर कम्पनी द्वारा आयोजित साक्षात्कार में भाग लिया।

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम और कुलपति प्रोफेसर एस.के.सिंह एसआरयू के छात्रों के लाभ के लिए किए गए समझौते के लिए बधाई दी।

## स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाओं और आदर्शों के सम्मान के लिए राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसका विषय 'युवाओं के सपनों का भारत' रहा।

राष्ट्रीय युवा दिवस को संबोधित करते हुये माननीय कुलपति महोदय ने 'विकसित भारत@2047' को केंद्र में रखते हुये अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया।उन्होंने बताया कि भारत हर तरह से आगे बढ़ रहा है।वह चाहे शिक्षा के क्षेत्र में हो या तकनीक के क्षेत्र में हो, बढ़ते हुये क्रम में बहुत सारी चुनौतियों का सामना भी करना पड़ेगा, जिसके लिए युवाओं को तैयार होना होगा। ताकि हम आने वाले वक्त में विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को पूरा करने और अमृत काल का सही अनुभव और आनंद प्राप्त कर पायेंगे। समाज कार्य विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. नरेश गौतम ने विषय प्रवेश कराते हुये स्वामी विवेकानंद का जीवन परिचय एवं शिकागो में दिये गए उनके भाषण पर ज़ोर दिया।उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद को सिर्फ धार्मिक नजरिये से नहीं, बल्कि सामाजिक नजरिये से देखने की जरूरत है। उन्होंने भारत की पारंपरिक ज्ञान परंपरा को संजोने और उसे आगे बढ़ाने के जो प्रयास किए थे। वह बहुत ही जरूरी और आवश्यक भाषण प्रतियोगिता संबंधी नियमावली एवं कार्यक्रम को आगे संचालित डॉ. ईश्वर प्रसाद यदु एवं श्री योग्मय प्रधान द्वारा किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 20 से अधिक विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी ने देश के तात्कालिक विभिन्न मुद्दों, चुनौतियों और सामाजिक समस्याओं, जिसमें बेरोजगारी, युवाओं के बीच हताशा, तकनीक का दुरुपयोग आदि से लड़ने, बढ़ने और आगे निकलने की ओर सभी का ध्यान आकर्षित किया।इस भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ईश्वर साहू, बी. एड. प्रथम छमाही, (शिक्षा विभाग) रहे।वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी शिवानी यादव, बी. एड. प्रथम छमाही (शिक्षा विभाग) वहीं तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी रवीद्र गुप्ता बी एड. प्रथम छमाही, (शिक्षा विभाग) रहे। सभी विजेताओं को माननीय कुलपति द्वारा प्रमाण पत्र, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में बतौर निर्णाय मंडल प्रोफेसर भारती पुजारी (प्रबंधन विभाग), डॉ. मनीष वर्मा (डीन आट्र्स) एवं श्री मनोज कुमार (उप-कुलसचिव) उपस्थित रहे। डॉ. मनीष पाण्डेय, सह-प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग ने सभी का आभार व्यक्त किया। डीन आकादमिक प्रो. आर.आर. एल बिराली, शिक्षा विभाग के प्राचार्य डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, समाजविज्ञान संकाय की अध्यक्ष डॉ. अवधेश्वरी भगत, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार, समाज कार्य विभाग की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा बोस, समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ अंजली यादव, राजनीति विज्ञान विभाग से सुजाता घोष, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ पुष्पा भारती एवं विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाये देते हुए कहा की युवा हमारे देश के भविष्य है जो विकसित भारत की नीव को मजबूत बनायेंगे और भाषण प्रतियोगिता के सभी विजेताओ एवं प्रतिभागियों की सराहना की।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के डॉ. संतोष कुमार FDP के मुख्य वक्ता बने



मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर के स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड ह्यूमेनिटीज़ डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में पत्रकारिता एवं जनसंचार के विभागाध्यक्ष एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार द्वारा "साहित्य और मास मीडिया में नए अध्ययन" के ऊपर व्याख्यान दिए। यह पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 16 से 20 जनवरी 2024 को मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर के इम्पैक्ट हॉल में आयोजित किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्तर से प्राध्यापकगण ने भाग लिया।

---

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पीयूष झा का एससीआई इंडेक्सिंग अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका "जर्नल ऑफ़ मॉलेक्युलर स्ट्रक्चर" में शोध पत्र प्रकाशित हुआ



इस शोध पत्र का शीर्षक "स्टीमुलस रिस्पांस ऑफ मैकेनोल्यूमिनिसेंस ऑफ SrAl2O4:Eu,Dy मिक्सड विद ईपॉक्सी रेसीन यूजिंग यूनिएक्सियल लोड" है। जर्नल का इम्पेक्ट फैक्टर 3.841 है।

इस शोध पत्र में उन्होंने नई सेंसर डिवाइस अविष्कार किया है जिससे इस सेंसर डिवाइस पर लग रहा अज्ञात बल का पता लगाया जा सकता है। इसका उपयोग डिफेंस सेक्टर में इंपैक्ट सेंसर बनाने में किया जा सकता है।

विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस के सिंह और कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा ने एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पीयूष झा को शोध पत्र प्रकाशित होने पर बधाई दी और उनके उज्जल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

---

## भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका जर्नल में डिजिटल गोपनीयता : भारत के संदर्भ में एक विस्तृत विश्लेषण पर लेख प्रकाशित

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के लॉ विभाग के सहायक प्रोफेसर अभिषेक कुमार मिश्रा का यह लेख भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका (ISSN 0970-7603) जर्नल में प्रकाशित हुआ। इसका विषय "डिजिटल गोपनीयता: भारत के संदर्भ में एक विस्तृत विश्लेषण" है। जर्नल का यह लेख वॉल्यूम II जुलाई-दिसंबर के रूप में यूजीसी केयर ग्रुप प्रथम द्वारा अनुमोदित किया गया जिसका इम्पैक्ट फैक्टर 7.28 है।



इस लेख में बताया गया है कि भारतीय संविधान के अनुसार डिजिटल प्राइवेसी भी हमारा एक मूल अधिकार है इसका हनन भी हमारे राइट टू प्राइवेसी के हनन के बराबर ही है इस अधिकार का किसी थर्ड पार्टी के द्वारा उल्लंघन किया जाना या हमारी जानकारी जो आजकल इंटरनेट सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल माध्यमों से किसी थर्ड पार्टी को मिल जाती है यह राइट टू डिजिटल प्राइवेसी का उल्लंघन है इसी के संदर्भ में यह पेपर लिखा गया है।

विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस के सिंह और कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा ने सहायक प्रोफेसर अभिषेक कुमार मिश्रा को लेख प्रकाशित होने पर शुभकामनाएं दी।

# अयोध्या में श्री राम लला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में "राम आएंगे" सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन ..





श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय सामयिक विषयों में युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है । श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को भगवान राम के बालपन से लेकर उनकी अयोध्या वापसी तक के प्रसंगों की संगीतमय प्रस्तुति विश्वविद्यालय परिवार द्वारा किया जाए। उक्त उद्देश्य हेतु दिनांक 20 जनवरी, 2024 को विश्वविद्यालय में रचनात्मक प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम की मुख्य भूमिका "राम आएंगे" के अंतर्गत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा श्री राम जी के जीवन वृत्त पर नृत्य – संगीतमय प्रस्तुतियाँ दी गई , जिसमें संपूर्ण विश्वविद्यालय परिसर भावविह्वल हो उठा ।श्री राम चरित्र की प्रस्तुति से युवाओं ने बरबस ही बारम्बार "जय श्री राम" के नारे लगाये ।



विश्वविद्यालय के म्यूजिकल बैंड द्वारा "राम आएंगे तो अंगना सजाऊँगी" परिकल्पना को नए कलेवर में "राम आएंगे तो आँखे भर आएँगी, शुद्ध हो जायेगा मन मुक्त हो जायेगा तन " की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई जिससे संपूर्ण हाल राममय हो गया तथा इसअवधारणा को श्रद्धा भाव से आत्मार्पित किया।

श्री हनुमान चालीसा की धुन पर योग के विद्यार्थियों द्वारा उर्जापूर्ण प्रस्तुति दी गयी, जिससे सभागार में उपस्थित दर्शकों की सांसे थम गयी। राम जन्म के विभिन आयामों पर छात्रों द्वारा नाट्य प्रस्तुति दी गयी जिससे छात्रों को भगवान राम के जीवन चरित्र की सरल एवं सहज रूप से जानकारी प्राप्त हुई।

कार्यक्रम में निजी विश्वविद्यालय नियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रो.उमेश कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उप्सथित थे जिन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा सनातन धर्म से युवाओं को परिचित कराने हेतु प्रसंसा की एवं भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों के श्रंखलाबद्ध रूप में आयोजित करने का आह्वान किया।उक्त "राम आयंगे" कार्यक्रम से सभागार में उपस्थित हर मानव मन में अध्यात्मिक उर्जा का संचरण हुआ । विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस के सिंह और कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा ने सभी को राम आगमन के उपलक्ष्य में हार्दिक शुभकामनाये दी ।



## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के गीत हुआ सोशल मीडिया में वायरल

### राम आएंगे तो आंखें भर आएंगी... वीडियो को 10 लाख (1मिलियन) से भी अधिक लाइक और व्यूज



राम आएंगे तो सांसें थम जाएंगी, राम आएंगे तो आंखें भर आएंगी, शुद्ध हो जाएगा मन, मुक्त हो जाएगा तन, राम आएंगे... यह एक कविता नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का भाव है, जिसे गीत के माध्यम से उन्होंने व्यक्त किया। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के 17 विद्यार्थियों ने अयोध्या में होने जा रहे श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर एक मधुर गीत गाया है। विश्वविद्यालय की छात्रा वैशाली ने इस गीत को लिखा और अपने अन्य साथियों की सहयोग से इसे प्रस्तुत किया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब कमेंट-लाइक्स बटोर रहा है, इस गीत की लोग लगातार प्रशंसा कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति हर्ष गौतम ने बताया, हमारे विश्वविद्यालय के छात्रों का यह गीत सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। साथ ही अब तक दस लाख (1मिलियन) से अधिक लोगों ने इस वीडियो को लाइक किया है। इस वीडियो को 8 दिन पहले ही बनाया गया है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हमेशा कई गतिविधियों में हिस्सा लेते आए हैं। प्रत्येक दिन कुछ नया सोचना व जनहित के कार्य करने का विचार प्रत्येक छात्र के मन का भाव है। इसे ही उन्होंने भजन के रूप में पेश किया है।

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में "नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचारों की प्रासंगिकता" का किया गया आयोजन..

आज 'पराक्रम दिवस' के उपलक्ष्य विश्वविद्यालय में आजादी के महानायक सुभाष चंद्र बोस जी की 128 वीं जयंती के परिप्रेक्ष्य में "नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचारों की प्रासंगिकता" का आयोजन समाज विज्ञान संकाय और शिक्षा विभाग के सामूहिक उपक्रम में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के आदरणीय कुलसचिव डॉ० सौरभ कुमार शर्मा जी उपस्थित रहे तथा अतिथि के रूप में श्री राजेश कुमार तिवारी (सी पी आर ओ ), शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० अभिषेक कुमार श्रीवास्तव और राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० मनीष कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. अनुभूति कोशले (डीन विज्ञान संकाय) व डॉ अन्नपूर्णा साहू (विभागाध्यक्ष, नर्सिंग विभाग) द्वारा निष्पक्ष निर्णय लिया गया, जिसमे प्रथम स्थान पर प्रेरणा चंद्राकर (बीएड 1 सेमेस्टर), द्वितीय स्थान पर श्वेता टंडन (बीएड 4 सेम.) तथा तृतीय स्थान पर श्वेता पैंकरा (डीएलएड 1 वर्ष ) ने प्राप्त किया। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता में निर्णायकगण के रूप में डॉ अवधेश्वरी भगत (डिन सामजिक विज्ञान संकाय ) एवं श्री कमल कुमार प्रधान ( उप-कुलसचिव ) ने निर्णय दिये, जिसमे प्रथम स्थान ऋषिका श्रीवास्तव (बीए ऑनर्स - प्रथम सेमेस्टर ), द्वितीय स्थान तमन्ना झाबक (बीए आनर्स छठा सेमेस्टर ), तथा तृतीय स्थान तनय निम्बालकर (बीएड 1 सेम.) ने प्राप्त किया।

आदरणीय कुलसचिव महोदय ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के विचारों की प्रासंगिकता से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। श्री राजेश कुमार तिवारी जी (सी पी आर ओ ) ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर उन्हें प्रोत्साहित किया और डॉ अभिषेक कुमार श्रीवास्तव (विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग) ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम में समाज विज्ञान संकाय के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष और प्राध्यापकगण तथा शिक्षा विभाग और अन्य दूसरे विभागों के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में "गणतंत्र दिवस समारोह" का आयोजन



75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में देश की कला,संस्कृति और देश के संविधान बनाने में योगदान देने वाले महान व्यक्तित्व को याद कर गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया।



आयोजन का प्रारंभ विशेष अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण और एन.सी. सी कैडेट द्वारा तिरंगे को सलामी देते हुए किया गया। आयोजन के विशेष अतिथि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति प्रो.शिव कुमार



पाण्डेय और प्रसिद्ध वायलिन वादक डॉ. के. रोहन नायडू उपस्थित थे। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. के सिंह ने भारतीय संविधान में योगदान



देने वाले पूर्वजों को प्रतिगत्यगता व्यक्त करते हुए बताया की देश के पूर्वज के अथक परिश्रम एवं बलिदानों से देश को लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया गया यहाँ के प्रत्येक नागरिक को सुविधा, समानता और न्याय का अधिकार मिला। भारतीय संविधान वो आधारशिला है जिससे भारत का लोकतंत्र का अस्तित्व बना है। अपने उद्बोधन में डॉ. के. रोहन नायडू ने संस्कारवान मूल्यों से गठित विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से अपने विचार साझा करते हुए कहा की भारत कला , शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के मूल्यों से मिलकर बना है। हमारे देश में बहुत से लोगों के योगदान ने उन्हें महान बनाया है क्योंकि उन्होंने हमारे देश को बहुत कुछ दिया है , इसलिए हमे इस समाज और देश से कुछ लेने के साथ-साथ देना भी होगा। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के पूर्व कुलपति प्रो.शिव कुमार पाण्डेय जी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और उन्होंने राजिम के संत पवन दीवान जी के गीत की पंक्तियाँ सुनाते हुए कहा की हम सब बहुत सौभाग्यशाली है की हम इस देश के नागरिक है। हमारे देश के संविधान ने हमे गणतंत्र देश दिया लेकिन इस गणतंत्र के सम्मान को बनाये रखने की जिम्मेदारी हमारे देश के प्रत्येक नागरिक की है, इसलिए हमारे देश के संविधान में मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्य भी दिए गए है।



अतिथि उद्बोधन के पश्चात् , विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने सभी युवाओ को उनके देश के प्रति दायित्वों को हमेशा निभाने के लिए प्रोत्साहित किया एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 22 जनवरी को राजभवन में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित "रंगोली कला प्रदर्शन प्रतियोगिता " में भाग लिए प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ-साथ राम कृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम में भाषण प्रतियोगिता में भाग लिए प्रतिभागियों को भी विशेष आतिथियो द्वारा प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विष्णु के दस अवतार, नारी शक्ति,योग आसन और देश के विभीन्न राज्यों की संस्कृति को विद्यार्थियों द्वारा नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया ।इसके साथ विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों के देशभक्ति गीतों ने सभी को देश प्रेम और देश की अखंडता एवं संप्रभुता का एहसास करा दिया। गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री राजेश तिवारी, कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक डॉ. मनीष वर्मा, डीन, विभागाध्यक्ष एवं सभी शिक्षक उपश्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सागर कुमार साहू एवं एजुकेशन विभाग के विद्यार्थी झस्केतन बेहेरा और शिवानी यादव द्वारा किया गया।



## "आरोहण-2024" राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का माननीय केबिनेट मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल जी के करकमलो से हुआ शुभारंभ



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव "आरोहण" का शुभारंभ हुआ । दोपहर 02 बजे मुख्य अतिथि माननीय कैबिनेट मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल का स्वागत एन.सी.सी कैडेट की आगवानी में हुआ । उद्घाटन समारोह का प्रारंभ भारतीय संस्कृतिक परम्परानुरूप दीप प्रज्जवलन एवं राज्य गीत गायन के साथ-साथ श्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा आरोहण मशाल ज्योति प्रज्जवलन से किया ।माननीय मुख्य अतिथि ने सभी को "मै को हम बनायेंगे, हम नया भारत बनायेंगे" का भी शपथ दिलाया । मुख्य अतिथि द्वारा गुब्बारों को आकाश में छोड़कर आरोहण-2024 के आरंभ की घोषणा की गई जिससे सम्पूर्ण मैदान संगीत और नृत्य से अर्जित हो उठा ।विदित हो कि माननीय मुख्य अतिथि महोदय स्वयं खेल प्रेमी युवामन हैं और उन्होंने स्वयं तीरंदाजी, वॉलीबाल, बास्केटबॉल खेलकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया । कार्यक्रम में फ़्लैश माब नृत्य से सम्पूर्ण खेल मैदान में उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों ने सामूहिकता में नृत्य किया ।इस समय ऐसा लग रहा था कि आरोहण-2024 के शुभारम्भ के सातो रंग पूरे खेल मैदान में फ़ैल कर शोभायमान कर रहे है ।तत्पश्चात देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को विद्यार्थियों द्वारा नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत दी गई जिसमे पूरा खेल मैदान अलग-अलग हिस्सों में नृत्यमान रहा।



आरोहण के प्रथम दिन तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमे अंडर 19 में 20 गर्ल्स एवं 30 बॉयज ने प्रतिस्पर्धा की तथा इसके साथ-साथ अंडर-19 के ऊपर प्रतिभागियों में से 22 गर्ल्स एवं 28 बॉयज ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । प्रतिभागियों के पंजीयन में लगभग 4 हजार से अधिक विद्यार्थियो ने रुचि दिखाई है एवं युवाओ को अवसर देने हेतु पंजीयन निरंतर हो रहा है जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी इस प्रतिस्पर्धा में भाग ले सकें । श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस.के. सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि श्री बृजमोहन अग्रवाल जी को स्मृति चिन्ह भेंटकर सभी को आरोहण-2024 के आरम्भ की शुभकामनायें दी।



## आरोहण के द्वितीय दिन एकल एवं ग्रुप गीत स्पर्धा और तीरंदाजी के विजेताओ को मुख्य अतिथि द्वारा किया गया सम्मानित

## पत्रकारिता एवं जनसंपर्क विभाग के स्टूडियो और ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का भी उद्घाटन माननीय कैबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा के करकमलों से हुआ



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव "आरोहण" के द्वितीय दिन के मुख्य अतिथि माननीय कैबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा जी का स्वागत एन.सी.सी कैडेट की आगवानी में हुआ। मुख्य अतिथि ने एकल गीत एवं ग्रुप गीत स्पर्धा और तीरंदाज के विजेताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात श्री टंक राम वर्मा जी ने पत्रकारिता एवं जनसंपर्क विभाग के स्टूडियो का उद्घाटन किया और ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ भी अपने कर कमलों से किया।

आरोहण के द्वितीय दिन नॉकआउट क्रिकेट प्रतिस्पर्धा,फुटबॉल, बास्केट बॉल, खो खो,बैडमिंटन, कैरम,म्यूजिक इवेंट और नृत्य स्पर्धा में 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। नॉकआउट क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में कुल 10 टीम में से 5 टीम क्वालीफाई हुई।

तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में इंडियन राउंड और कंपाउंड राउंड में कुल 13 विजाताओ में से महाविद्यालय बॉयज केटेगरी में विकास कुमार (निरंजन केशरवानी कॉलेज बिलासपुर ),प्रीतम साहू (एस.आर.आई.पी.ई धनेली रायपुर),भोजराम ठाकुर(गवर्नमेंट कॉलेज बागबहरा) एवं गर्ल्स केटेगरी में नेहा वर्मा (गवर्नमेंट डी.बी गर्ल्स कॉलेज), पियाल देवांग (विप्र कॉलेज रायपुर),रेशमी मांडवी (गवर्नमेंट डी.बी गर्ल्स कॉलेज) और विद्यालय बॉयज केटेगरी में संजय सोनवानी (माधव राव सप्रे स्कूल, रायपुर) विजेता रहे। इसके साथ-साथ कंपाउंड राउंड में राहुल कुमार (दिग्विजय कॉलेज राजनांदगाव),अनोश साहू (दिशा कॉलेज रायपुर) और गर्ल्स केटेगरी में आर्शी यादव (महंत कॉलेज रायपुर) ने बाजी मारी।

एकल गीत एवं ग्रुप गीत स्पर्धा में एकल अंडर 19 के विजेता में प्रथम स्थान अमृतांश श्रीवास्तव( के.पी.एस विद्यालय डुंडा), द्वितीय स्थान अंकित विश्व (डाबरा स्कूल रायपुर),तृतीय स्थान मेथुल सोलंकी (महानदी नगरी) ने प्राप्त किया। एकल अब्व 19 केटेगरी के विजेता चांदनी रेड्डी (एस.आर.यू रायपुर),उन्नति अवस्थी (एस.आर.यू रायपुर) और सागर ताम्रकार (एम.एम.डब्लू.एस, उदयपु) ने क्रमशः उच्च स्थान प्राप्त किया।इसके साथ साथ ग्रुप संगीत प्रतिस्पर्धा में डाबरा



इंटरनेशनल स्कूल,एस.आर. यू विवाविद्यालय, रायपुर और गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, रायपुर विजेता रहे।

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस.के. सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि श्री टंक राम वर्मा जी को स्मृति चिन्ह भेंटकर आरोहण-2024 के विजेताओं को शुभकामनायें दी।

## इंस्ट्रुमेंटल प्रतिस्पर्धा में तबले, गिटार एवं नृत्य प्रतिस्पर्धा के बॉलीवुड मिक्स में छात्रों ने किया एन्जॉय

**नन्हे तबला वादक साश्वत महंत ने दी मनमोहक प्रस्तुति... माननीय श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी ने दिया विशिष्ट पुरस्कार**



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के सात दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव के तीसरे दिन इंस्ट्रुमेंटल, नृत्य, बास्केट बॉल, वॉली बॉल, कैरम, फुटबॉल, टेबल टेनिस, चैस प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इंस्ट्रुमेंटल प्रतिस्पर्धा में कीबोर्ड, गिटार, तबला, क्लेप बॉक्स, फ्लूट के माध्यम से कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अंडर-19 के विजेता जवाहर नवोदय विद्यालय की तबला वादक सृष्टि महंत ने प्रथम और विवेक कान्वेंट विद्यालय के देवेश बघवार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और 19 उम्र के अधिक केटेगरी में यश पाल (कीबोर्ड ), प्रखर सिंह (गिटार) एवं भूसन यादव (फ्लूट) में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बास्केट बॉल एबव -19 के गर्ल्स केटेगरी में जी.ई.सी रायपुर ने प्रथम स्थान और एस. आर.आई.पी धनेली रायपुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार कैरम प्रतिस्पर्धा स्कूल गर्ल्स केटेगरी में स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मध्यम स्कूल, बेमेतरा की ममता साहू ने प्रथम और समृधि राजपूत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वॉली बॉल अंडर 19 बॉयज केटेगरी में 6 टीमें के मध्य प्रतिस्पर्धा हुई और एबव-19 बॉयज केटेगरी में 4 टीमें के मध्य प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। बास्केटबॉल प्रतिस्पर्धा में एबव -19 के (पोल ए) के सेमीफाइनल मैच में विजेता अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर रहा।

नृत्य प्रतिस्पर्धा में कुल 23 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे 11 ग्रुप डांस और 12 सिंगल डांस प्रस्तुति क्लासिकल, छत्तीगढ़ी, बॉलीवुड मिक्स और कत्थक की परफॉरमेंस दी गई। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की माननीय कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी ने सभी विजेताओ को गोल्ड, सिल्वर, ब्रोन्ज़ मैडल और प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। प्रतिभागियों के सम्मान समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि और विश्ववविद्यालय प्रबन्धन के द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं राज्य गीत गायन के साथ हुई। तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम के द्वारा दिया गया जिसमे उन्होंने आरोहण आयोजित करने के उद्देश्य का संक्षिप्त विवरण दिया। मुख्य अतिथि श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी ने अपने शब्दों में आरोहण में भाग लिए सभी प्रतिभागियों से कहा की जितने और हारने से ज्यादा भाग लेना अति आवश्यक है। इसके साथ-साथ उन्होंने उन्नत भारत के तहत विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए सात गाँव में गुलाबी गैंग में कार्यरत महिलओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा, सी.पी.आर.ओ श्री राजेश तिवारी, आयोजन सचिव डॉ.सत्यज तिवारी, आयोजन के सदस्य के साथ-साथ शिक्षक और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।



# आरोहण-2024 क्विज प्रतियोगिता




श्री रावतपुरा सर्कार यूनिवर्सिटी (एस.आर.यू) के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव के तहत आरोहण-2024 से सम्बंधित क्विज कंपटीशन का उद्घाटन दिनांक 29 जनवरी 2024 को माननीय कैबिनेट मंत्री श्री टंक राम वर्मा जी द्वारा शुभारम्भ किया गया था। जिसके प्रथम प्राइज Rs. 2100/- निर्धारित था जिसका परिणाम दिनांक 30 जनवरी 2024 घोषित किया गया जिसके विजेता कक्षा 12वी भारत देवांगन शास.उच्च. माध्यमिक विद्यालय खरोरा, रायपुर (छ.ग) के विद्यार्थी हिमांशु देवांगन, पिता श्री निर्मल कुमार देवांग को विजय घोषित किया गया।

श्री हिमांशु देवांगन से फ़ोन में चर्चा हुई जिसमे उन्होंने बताया की वे 12वी कक्षा के छात्र है तथा 11वी में उन्होंने 72% प्राप्त किए हैं। वे भविष्य में चार्टेड अकाउंटेंट बनना चाहते हैं। एस.आर.यू उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाये देती है।

क्विज कंपटीशन के अंतिम दिन 04 फरवरी 2024 को बम्फर प्राइज प्रश्न कांटेस्ट के अंतर्गत हुआ जिसके प्रथम विजेता को Rs. 21000/-, द्वितीय विजेता को Rs.11000 और तृतीय विजेता को Rs.5000 का प्राइज मनी प्रदान की गई।

# थिएटर प्ले के द्वारा में ड्रग्स एडिक्शन, एसिड अटैक और मोबाइल एडिक्शन का दिया संदेश





श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में चल रहे सात दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव के चौथे दिन मोनो प्ले में एस.आर.यू की निहारिका चार्दे ने गोल्ड और यीशू साहू ने सिल्वर मैडल जीता, और ग्रुप प्ले में विषय "एसिड अटैक ,भारत में रेप केस और मोबाइल मेरी जिंदगी" के जरिये समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। थिएटर प्ले में कुल 19 परफॉरमेंस में से मोबाइल एडिक्शन को लेकर "मोबाइल मेरी जान" सबका आकर्षण बना जिसमे यह बताया गया की हम वास्तविक दुनिया से दूर होकर काल्पनिक और तकनिकी दुनिया के करीब हो गए हैं।

तात्कालीक भाषण प्रतियोगिता में कुल 12 प्रतिभागियों में से आदर्श विद्यार्थी विषय पर अजय भास्कर, AI वरदान या अभिशाप विषय पर तम्मान्ना और छात्र शक्ति और राष्ट्र शक्ति विषय पर गौरांचल शर्मा ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता के अंतिम दिन में कुल 33 परफॉरमेंस में से 13 सोलो और 20 ग्रुप डांस हुए। विशेष प्रस्तुति मराठी लावणी में हाली क्रॉस पेंशन बाड़ा स्कूल की रुद्रंशी साहू द्वारा दी गई।

स्कूल गर्ल्स बैडमिंटन सिंगल प्रतिस्पर्धा में भारतमाता स्कूल रायपुर की अनन्या टोप्पो ने अर्शी सैनी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्कूल बॉयज बैडमिंटन डबल्स में सिद्धार्थ हायर सेकेंडरी स्कूल अंबिकापुर के सौर्य प्रताप सिंह और वैभव जयसवाल विजेता बने। तथा कैरम प्रतिस्पर्धा में नावेद

खान (गवर्नमेंट पंडित जवाहरलाल नेहरू आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज बेमेतरा) और अंडर 19 वर्ग में मयंक वर्मा (ध्यान अकादमी एचआर सेकेंडरी स्कूल गुढ़ियारी ,रायपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बास्केट बॉल अंडर -19 गर्ल्स का फाइनल बालाजी विद्या मंदिर बनाम स्वामी आत्मानंद शहीद स्मारक एक्सीलेंस स्कूल रायपुर के मध्य हुआ जिसमे बालाजी विद्या मंदिर रायपुर विजेता बनी और अंडर -19 बॉयज के फाइनल में भी बालाजी विद्या मंदिर रायपुर ने जीत दर्ज की।इसी तरह वॉलीबॉल अंडर -19 गर्ल्स फाइनल (स्कूल) में सेंचुरी सीमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, रायपुर बनाम गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, नवापारा, सिमगा, बलौदाबाजार के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसके विजेता सेंचुरी सीमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, रायपुर रहे और वॉलीबॉल कॉलेज लेवल गर्ल्स फाइनल राजकीय दूधाधारी बजरंग कॉलेज, रायपुर और श्री शारीरिक शिक्षा, न्यू रायपुर के मध्य खेला गया जिसमे शासकीय दूधाधारी बजरंग कॉलेज, रायपुर ने अपना परचम लहराया।

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस.के. सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने सभी विजेताओ और प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी।

## फुटबॉल के फाइनल मैच में श्री रावतपुरा इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (SRIPE) बनी विजेता

एस.आर.यू. में आयोजित सात दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव के पांचवे दिन स्कूल स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में अभिनव भारत एवं प्रकृति और संस्कृति विषय पर प्रथम स्थान तृषा बैरागी (सरस्वती शिशु मंदिर माना कैंप, रायपुर), दिवित्य स्थान वाभवी सिंह (ठाकुर प. आर डी तिवारी स्कूल,रायपुर) और उज्ज्वल वर्मा (सरकारी एचएस स्कूल मथपुरेना,रायपुर) ने तृतीय प्राप्त किया और विश्वविद्यालय स्तर प्रतियोगिता भारतीय संस्कृति और यात्रा साहसिक विषय मे संस्कृति साहू (एस.आर.यू) ,एकता नायक (पीवी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन),और आलोक (पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और स्थान प्राप्त किया।कोलाज प्रतियोगिता में एस.आर.यू. की अनुराधा सिदार ने प्रथम और अलीशा बंजारे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा तृतीय स्थान में पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के तेजेंद्र बघेल रहे।



विद्यालय स्तरीय एकल नृत्य प्रतियोगिता में विशाल दास (एम.एम.डब्ल्यू, रायपुर), ज्योत्सना (अग्रवाल पब्लिक स्कूल, रायपुर), अरमान पार्टेश्वर (सेज लालपुर रायपुर) ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया और ग्रुप डांस प्रतियोगिता में सेजेज स्कूल लालपुर, नवीन कन्या महाविद्यालय, नृत्य संगम मठपारा रायपुर ने अद्भुत प्रदर्शन कर अपनी जीत सुनिश्चित कर विजेता बने।

विश्वविद्यालय स्तर के एकल नृत्य में प्रथम मानसी साहू (इन्द्रगांधी विश्वविद्यालय रायपुर), द्वितीय ऐश्वर्या सोनी (एसआरयू रायपुर), और तृतीय रितेश कुमार (शंकराचार्य महाविद्यालय रायपुर) एवं ग्रुप डांस प्रतियोगिता में एसआरयू





से जीतेंद्र, दिव्यांश और श्रेष्ठ के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय स्तर रंगोली प्रतियोगिता में विषय "भारत के त्यौहार एवं भारतीय संस्कृति और विरासत" पर कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे एकल वर्ग में दिगेश्वरी साहू (एस.आर.यू) ने प्रथम, तिकेश्वरी साहू (नवीन गर्ल्स महाविद्यालय कोपरा नवापा) ने द्वितीय और अलोक पटेल (पं.आर.आस.यू रायपुर)ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह वर्ग में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय की सोनम,किरण, सुनिधि, भावना ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय में आरोहण समारोह में "वार आफ बैंड" का भी आयोजन किया गया था जिसमे सेहर के बैंड ग्रुप्स ने ट्रांस, रैप, बॉलीवुड मिक्स में ड्रम,प्यानो, गिटार और कीबोर्ड का उपयोग कर परिसर में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को उत्साहित किया। इसमें फोनिक्स बैंड (एसआरयू)),(सुरभि बैंड )जीईसी रायपुर और प्रखर बैंड (एसआरयू) ने प्रस्तुति दी।

खेल प्रतियोगिताओं में फुटबॉल के फाइनल मैच में श्री रावतपुरा इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (SRIPE) रायपुर ने कलिंगा यूनिवर्सिटी को हराया और बास्केट बॉल फाइनल दुर्गा कॉलेज रायपुर बनाम बिलासपुर यूनिवर्सिटी बिलासपुर के बीच हुआ, जिसमें दुर्गा कॉलेज ने फाइनल जीता।

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस.के. सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि विधायक श्री मोती लाल साहू जी को स्मृति चिन्ह भेंटकर आरोहण-2024 के विजेताओं को शुभकामनायें दी।



# एस.आर.यू द्वारा 29 जनवरी से प्रारंभ आरोहण 2024 का सफलतापूर्वक हुआ समापन..

## लाइव कॉन्सर्ट में पावनी पाण्डेय के "केसरिया तेरा इश्क है ..." गाने में झूमे विद्यार्थी, प्रतिभागी और दर्शक...

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 29 जनवरी से प्रारंभ हुए इस सात दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक समारोह "आरोहण 2024" रविवार को समाप्त हो गया ।इस समारोह में राज्य के 317 विभिन्न संस्थानों से 4500 प्रतिभागी शामिल हुए और 1006 से विद्यार्थियों ने मैडल जीता। उल्लेखनीय है की यह सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन न्यूनतम 15 वर्ष से लेकर 25 वर्ष से अधिक उम्र के सभी विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था जिसमे योग प्रतियोगिता में दिग्विजय ऑटोनोमस महाविद्यालय राजनांदगाव की सबसे कम उम्र 16 वर्ष की स्वर्ण पदक विजेता दीक्षा और एस.आर.यू रायपुर की सबसे ज्यादा उम्र 50 वर्ष की स्वर्ण पदक विजेता छाया जैन ने कीर्तिमान रचा।



आरोहण के सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में नृत्य, गायन, अभिनय, वाद्य वादन, चित्रकला ,कोलाज, रंगोली, तात्कालीक भाषण और वार आफ बैंड का भी आयोजन किया गया जिसमे कुल 122 मेडल्स दिए गए। आयोजन के दौरान तबला वादक साश्वत महंत, नृत्य में रुद्राक्षी साहू और अरमान पर्तेश्वर ने मनमोहक प्रस्तुति देकर आरोहण का आकर्षण रहे। खेल प्रतियोगिताओं में आउटडोर खेल प्रतिस्पर्धा में बास्केटबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, तीरंदाजी, खो-खो ,कबड्डी और एथलेटिक्स के साथ इनडोर खेलों में बैडमिंटन, टेबल-टेनिस ,कैरम, शतरंज और योग का आयोजन किया गया जिसमे कुल 884 मेडल्स दिए गए। फुटबॉल में महाविद्यालय बॉयज वर्ग की विजेता श्री रावतपुरा इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एस.आर.आई.पी), क्रिकेट में महाविद्यालय गर्ल्स वर्ग की विजेता श्री रावतपुरा इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एस.आर.आई.पी) और महाविद्यालय गर्ल्स वर्ग खो-खो और कबड्डी में उपविजेता बनी श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर ने ट्राफी अपने नाम किया।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गीत-संगीत एवं नृत्य का भी आयोजन किया गया जिसमे विश्वविद्यालय के विद्यार्थीयों के साथ- साथ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों ने भी भारतीय गानों में नृत्य किया।मंचासीन एस.आर.आई नया रायपुर के निर्देशक डॉ. ए. के श्रीवास्तव, एस.आर.यू रायपुर के कुलपति प्रो.एस.के सिंह, कुलसचिव डॉ.सौरभ कुमार शर्मा और आरोहण के आयोजक सचिव डॉ.सत्यज तिवारी ने सभी विजेताओं को ट्राफी,मेडल्स और प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया।इसके साथ-साथ कुलपति प्रो.एस.के सिंह ने सभी आयोजक समिति के सदस्य,खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रम के समन्वयक ,स्वयं सेवक एवं रेफरी को आयोजन में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया।





समापन समारोह की शाम बॉलीवुड की प्रसिद्ध गायिका पावनी पाण्डेय की धमाकेदार प्रस्तुति के साथ सभी प्रतिभागियों, विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एन्जॉय किया। पावनी ने बॉलीवुड में बहुत से गाने गाए है जिसमे से बतौर अभीनेता शारुख खान की फिल्म रईस का गाना "लैला मैं लैला" सुपर डुपर हिट रहा।

श्री रावतपूरा सरकार यूनिवर्सिटी के प्रति कुलापधि श्री हर्ष गौतम ने संभी विजेताओं, प्रतिभागियों,विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षक एवं सभी स्टाफ मेम्बेर्स को आरोहण को सफलता पूर्वक संपन्न होने की शुभकामनाएँ दी और कहा की यूनिवर्सिटी आगे भी इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए करती रहेगी।












आरोहण








श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी




**सम्पादकीय समिति**

**प्रेरणाश्रोत : परम पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज**

| श्री हर्ष गौतम | प्रो. एस. के. सिंह | डॉ. सौरभ कुमार शर्मा |
|---|---|---|
| प्रति - कुलाधिपति | कुलपति | कुलसचिव |
| प्रधान संपादक | संपादक | ग्राफिक्स डिज़ाइन |
| राजेश तिवारी | शुभम नामदेव | दिनेश कुमार सिन्हा |